दिल्ली सरकार
आप की सरकार

Department of Art Culture & Languages
Delhi Government

# हिन्दी अकादमी, दिल्ली

(कला,संस्कृति एवं भाषा विभाग, दिल्ली सरकार)

## सूचना

नए प्रतिभाशाली युवाओं, छात्र और छात्राओं की काव्य प्रतिभा को निखारने एवं काव्य मंच प्रदान करने के लिए हिन्दी अकादमी, दिल्ली द्वारा एक नई योजना बनाई गई है। इस योजना में युवा कवियों विशेषकर विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों का सूचीकरण अपरिहार्य है अतः सभी से निवेदन है कि इस योजना के अंर्तगत युवा कवि अपना सूचीकरण 18 से कम एवं 18 से 25 के दो आयु वर्गों में करा सकते हैं। सूचीकरण के लिए रचना का मौलिक होना अनिवार्य है। सूचीकरण की अनवरत प्रक्रिया में युवा कवि अपना पंजीकरण कभी भी करा सकते है।

इसी कड़ी में पहली "काव्य गोष्ठी" का आयोजन शनिवार, 23 नवम्बर 2024, को अकादमी के संगोष्ठी कक्ष में किया जा रहा है। अतः सभी प्रतिभाशाली छात्र, छात्राओं और युवाओं से आग्रह है कि जिनकी मौलिक कविता पाठ में रूचि है वो अपना पंजीकरण हिन्दी अकादमी, दिल्ली में करवा सकते हैं। काव्य पाठ के लिए शुक्रवार, 22 नवम्बर 2024, अपराह्न 01:00 बजे तक अपना पंजीकरण अकादमी की ई–मेल पर भेज दें। इस गोष्ठी को सुनने व इसमें भाग लेने के लिए आप हिन्दी अकादमी, दिल्ली से सम्पर्क कर सकते हैं।

**सचिव**
हिन्दी अकादमी, दिल्ली

20923002, 20923005
hindi-academy@delhi.gov.in